>

Title: Need to give a special package to the potato growers of Uttar Pradesh.

श्री रामजीलाल सुमन (फ़िरोज़ाबाद) : महोदय, वर्ष दर वर्ष देश में आलू की पैदावार किसानों के अथक प्रयासों से बढ़ रही है। आलू विशेषकर गरीब आदमी के भोजन का एक महत्वपूर्ण आहार है। भारत में आलू की बुवाई 14 लाख हैक्टेयर से कुछ ज्यादा भूभाग पर होती है जिसमें उत्तर प्रदेश में 2,86,219 हैक्टेयर भूमि में आलू पैदा किया जाता है और यह प्रदेश के किसानों की आय का एक प्रमुख माध्यम है। आगरा मंडल के खंदौली क्षेत्र का आलू एक विशेष पहचान रखता है, अपनी इसी पहचान के कारण यहां के आलू को प्रदेश सरकार ने "" ताज पोटैटो " का नाम दिया है तथा यह आलू प्रायः प्रतिवर्ष 2,000 टन निर्यात किया जाता है।

भरपूर पैदावार के बावजूद फसल की लागत भी आज किसानों को इस मंदी के दौर में निकालना मुश्किल हो गया है, जिससे किसानों को सरकार से विशेष पैकेज की उम्मीद है, परन्तु सरकार द्वारा किसानों की समस्या को दूर करने हेतु कोई विशेष पैकेज न दिए जाने के कारण आलू किसानों की दुर्दशा लगातार बढ़ रही है और वे आर्थिक दबाव में हैं।

सरकार से मेरा आग्रह है कि आलू उत्पादक किसानों को अविलम्ब विशेष पैकेज प्रदान करें, जिससे कम से कम किसानों को लागत मूल्य मिल सके।[p15]